"हर काम देश के नाम"

# कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक

उलान बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

Office of the Controller General of Defence Accounts

Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt.- 110010

दूरभाष: 011-25665742 फैक्स : 011-25674806, 25674821 ई-मेल: hindicell.cgda@nic.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## राजभाषा अनुभाग

विषय : कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक की दिनांक 30 जून, 2023 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की जून 2023 को समाप्त तिमाही बैठक 30 जून, 2023 को अपराह्न 03.30 बजे श्रीमती रसिका चौबे, भा.र.ले.से., वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवाएं) एवं रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में श्री के. रवि कुमार, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक व श्री साहिल गोयल, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा उप महानियंत्रक (प्रशासन) के साथ निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :

| | |
|---|---|
| 1. | श्री निहार रंजन, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 2. | श्री समीर सक्सेना, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 3. | श्री प्रदीप कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 4. | श्री मनमोहन सिंह, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 5. | श्री सतीश कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 6. | श्री वी.वी.एस. ब्रह्माजी राव, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 7. | श्री राजेन्द्र कुमार छाबड़ा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 8. | श्री देवेन्द्र मोहन, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 9. | श्री गिरीजेश कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 10. | श्री अवधेश कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 11. | श्री हेमन्त खुराना, लेखा अधिकारी |
| 12. | श्री रजनी कांत सुधाकर, लेखा अधिकारी |
| 13. | श्री अनिमेश चंद्र श्रीवास्तव, लेखा अधिकारी |
| 14. | श्री पंकज कुमार, सदस्य सचिव (राजभाषा) |
| 15. | श्रीमती काकोली दत्ता, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 16. | श्रीमती रुचिता सहाय ,वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 17. | श्रीमती वॉइलेट खैलखो, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 18. | श्री पंकज दलाल, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 19. | श्री रवि कुमार, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 20. | श्री अरविन्द, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 21. | सुश्री प्रज्ञा कुमारी, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदया एवं अन्य सदस्यों के स्वागतोपरांत अध्यक्ष महोदया की अनुमति के बाद बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में निम्नलिखित मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

**मद सं. 1 : दिनांक 17 मार्च, 2023 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 17 मार्च, 2023 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त और सूचना बिन्दु अपेक्षित कार्रवाई के लिए सभी संबंधित सदस्यों को जारी कर दिए गए थे। कार्यवृत्त के संबंध में किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

**मद सं. 2 : पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई:**

(i) समिति को अवगत करवाया गया कि मुख्यालय में तैनात 31 आशुलिपिकों में से 12 आशुलिपिकों को हिंदी आशुलिपि का ज्ञान प्राप्त है।

शेष आशुलिपिकों को केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान में स्लॉट की अनुपलब्धता के कारण नामित नहीं किया जा सका। स्लॉट की उपलब्धता के आधार पर अगले सत्र के लिए नामित किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई और कहा कि स्लॉट उपलब्ध होने पर आशुलिपिकों को अगले सत्र में प्रशिक्षण के लिए नामित किया जाए।

**[कार्रवाई : प्रशासन-IV (स्थानीय)]**

(ii) नए भर्ती कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के लिए Induction Course का आयोजन।

समिति को अवगत करवाया गया कि विभाग में नए भर्ती हुए कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के लिए दिनांक 04-15 दिसम्बर, 2023 की अवधि के दौरान अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, गुरुग्राम में Induction Course का आयोजन किया जाएगा।

इस पर अध्यक्ष महोदया ने अपनी सहमति जताई।

**[कार्रवाई : अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, गुरुग्राम एवं राजभाषा अनुभाग(स्थानीय)]**

(iii) अनुवाद अधिकारियों के लिए केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा संचालित अनिवार्य अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम।

समिति को अवगत करवाया गया कि मुख्यालय कार्यालय से 02 कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों ने 08 मई से 16 जून 2023 की अवधि के दौरान यह प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है एवं 02 वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी 03 जुलाई से शुरु होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए नामित हैं।

इस पर अध्यक्ष महोदया ने अपनी सहमति जताई।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(iv) रक्षा लेखा महानियंत्रक की वेबसाइट पर एक डैशबोर्ड पर राजभाषा में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले कार्यालयों का नाम प्रदर्शित करना।

इस संबंध में सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रणाली अनुभाग के प्रतिनिधि ने समिति को अवगत करवाया कि उक्त सूचना को डैशबोर्ड पर हिंदी में प्रदर्शित करने में कुछ तकनीकी समस्याएं हैं। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि उक्त सूचना रक्षा लेखा महानियंत्रक की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के साथ ही उसका लिंक डैशबोर्ड पर भी उपलब्ध करवा दिया जाएगा।

इस पर अध्यक्ष महोदया ने अपनी सहमति जताई और कहा कि इस कार्य को यथाशीघ्र किया जाए।

**[कार्रवाई : सू.प्रौ.प्र. एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद सं. 3: दिसम्बर, 2022 तथा मार्च, 2023 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा:**

सदस्य सचिव ने दिसम्बर, 2022 तथा मार्च, 2023 की तिमाहियों के हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्टों के आंकड़े समिति के समक्ष प्रस्तुत किए।

अध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिए कि हिंदी पत्राचार में बढ़ोतरी के लिए सबको निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद सं. 4 : हिन्दी प्रशिक्षण की स्थिति:**

मुख्यालय में तैनात 26 लिपिकों में से 09 लिपिकों को हिंदी टंकण का ज्ञान है। नियमानुसार सभी लिपिकों को हिंदी टंकण का ज्ञान होना आवश्यक है।

केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान में फरवरी, 2023 सत्र के लिए नामित 06 कार्मिकों को राजभाषा अनुभाग द्वारा मुख्यालय में ही हिंदी टंकण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शेष लिपिकों को भविष्य में केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान में स्लॉट (slot) की उपलब्धता के अनुसार नामित किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई और कहा कि भविष्य में केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान में स्लॉट (slot) की उपलब्धता के अनुसार शेष लिपिकों को नामित किया जाए।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद सं. 5 : रक्षा लेखा विभाग में हिन्दी पदों की स्थिति:**

सदस्य सचिव द्वारा विभाग में हिन्दी संवर्गीय पदों की निम्नलिखित वर्तमान स्थिति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई:

| | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| सहायक निदेशक(राजभाषा) | 37 | 04 | 33 |
| वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 35 | 34 | 01 |
| कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 70 | 67 | 03 |

समिति को अवगत करवाया गया कि सहायक निदेशक (राजभाषा) के 33 पद रिक्त हैं। सहायक निदेशक (राजभाषा) की पदोन्नति से संबंधित "deemed abolished" पदों के revival हेतु प्रस्ताव वित्त मंत्रालय में प्रक्रियाधीन है। 04 रिक्त पदों में से 02 पद पदोन्नति द्वारा एवं 2 पद प्रतिनियुक्ति द्वारा भरे जाने हैं। पदोन्नति से भरे जाने वाले 02 पदों हेतु प्रस्ताव संघ लोक सेवा आयोग में विचाराधीन है। प्रतिनियुक्ति से भरे जाने वाले पदों के लिए प्राप्त आवेदन को संघ लोक सेवा आयोग में प्रेषित करने हेतु प्रस्ताव प्रक्रिया में है।

(ख) अध्यक्ष महोदया ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में है साथ ही निर्देश दिए कि मंत्रालय से स्वीकृति उपरांत सहायक निदेशक (राजभाषा) की प्रोन्नति की प्रक्रिया अति शीघ्र पूरी की जाए।

**[कार्रवाई : प्रशासन-II/VIII अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद संख्या : 6 राजभाषा संबंधी निरीक्षण**

**(क) संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण :**

समिति को अवगत कराया गया कि संसदीय राजभाषा समिति द्वारा इस तिमाही में विभाग के निम्नलिखित कार्यालयों का निरीक्षण उनके समक्ष दर्शाई गई तारीखों को किया गया :-

| क्र.सं. | कार्यालय का नाम | निरीक्षण की तारीख |
|---|---|---|
| 1. | स्थानीय लेखापरीक्षा कार्यालय (सेना), दिमापुर | 25.04.2023 |
| 2. | रक्षा लेखा संयुक्त नियंत्रक (वायुसेना), सुब्रोतो पार्क | 29.04.2023 |
| 3. | क्षेत्रीय लेखा कार्यालय (वेतन), (प.क.), टिगरीस रोड़, दिल्ली छावनी | 29.04.2023 |
| 4. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (वा.से.), देहरादून | 06.05.2023 |
| 5. | स्थानीय लेखापरीक्षा कार्यालय (सेना), रुड़की | 09.05.2023 |

(ख) रक्षा मंत्रालय द्वारा मुख्यालय कार्यालय का राजभाषा संबंधी निरीक्षण :

दिनांक 31.05.2023 को रक्षा मंत्रालय द्वारा मुख्यालय कार्यालय का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया गया। मंत्रालय द्वारा मुख्यालय कार्यालय के कार्य पर संतोष व्यक्त किया गया है।

[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]

मद संख्या : 7 संसदीय राजभाषा समिति द्वारा अधीनस्थ कार्यालयों के राजभाषा निरीक्षण के दौरान की गई टिप्पणियां।

समिति को अवगत करवाया गया कि संसदीय राजभाषा समिति द्वारा अधीनस्थ कार्यालयों के राजभाषा निरीक्षण के दौरान मुख्यालय कार्यालय से संबंधित निम्नलिखित टिप्पणियां की गई:-

| क्रम संख्या | निरीक्षित कार्यालय | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा की गई टिप्पणी |
|---|---|---|
| 1. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पें), प्रयागराज<br>निरीक्षण-03.01.2023 | ➢ कार्यालय में रिक्त पड़े हिंदी पदों को भरा जाए।<br>➢ मुख्यालय द्वारा अपने अधीनस्थ इस कार्यालय के साथ किए गए पत्राचार का प्रतिशत कम है। कृपया इसे बढाएं और कार्यालय से संबंधित ई-मेल भी हिंदी में दिए जाएं और उनका विवरण दिया जाए। |
| 2. | रक्षा लेखा नियंत्रक, पटना<br>निरीक्षण-27.02.202 | ➢ मुख्यालय द्वारा अपने अधीनस्थ इस कार्यालय के साथ किए गए पत्राचार का प्रतिशत कम है। कृपया इसे बढाएं और कार्यालय से संबंधित ई-मेल भी हिंदी में दिए जाएं और उनका विवरण दिया जाए। |
| 3. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (वा.से.), देहरादून<br>निरीक्षण-06.05.2023 | ➢ कार्यालय में रिक्त पड़े हिंदी पदों को भरा जाए।<br>➢ मुख्यालय द्वारा अपने अधीनस्थ इस कार्यालय के साथ किए गए पत्राचार का प्रतिशत कम है। कृपया इसे बढाएं और कार्यालय से संबंधित ई-मेल भी हिंदी में दिए जाएं और उनका विवरण दिया जाए। |

अध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिए कि वित्त मंत्रालय से स्वीकृति उपरांत सहायक निदेशक (राजभाषा) की प्रोन्नति की प्रक्रिया अति शीघ्र पूरी की जाए। अध्यक्ष महोदया ने अधीनस्थ कार्यालयों के साथ हिंदी में पत्राचार का प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी अनुभागों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए।

[कार्रवाई : प्रशासन-II/VIII अनुभाग (स्थानीय)]

मद संख्या : 8 मंत्रालय/अन्य स्थानों से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों पर चर्चा।

रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (वा.से.), देहरादून के दिनांक 14.06.2023 पत्र संख्या हि.अनु./4534/रा.भा.का.स./23 के द्वारा अनुरोध किया गया है कि ट्यूलिप प्रणाली में वेतनपर्ची तथा भाग 2 आदेश द्विभाषी रूप में जारी करने की व्यवस्था की जाए।

अध्यक्ष महोदया ने सू.प्र.प्रौ. के प्रतिनिधि को इस संबंध में उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**[कार्रवाई : सू.प्रौ.प्र. एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद संख्या : 9** **<u>वार्षिक कार्यक्रम 2023-24 पर चर्चा</u>**

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि वर्ष 2023-24 का वार्षिक कार्यक्रम राजभाषा विभाग की वैबसाइट से डाउनलोड किया गया है। इसकी सूचना सभी प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों को प्रेषित कर दी गई है। विभिन्न मदों के संबंध में इस कार्यालय के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, वे निम्न्लिखित हैं:-

| | | | निर्धारित लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी में मूल पत्राचार (ई-मेल सहित) | "क" क्षेत्र से "क" क्षेत्र को | 100% |
| | | "क" क्षेत्र से "ख" क्षेत्र को | 100% |
| | | "क" क्षेत्र से "ग" क्षेत्र को | 65% |
| 2. | हिन्दी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिन्दी में दिया जाना | | 100% |
| 3. | हिन्दी में टिप्पण | | 75% |
| 4. | हिंदी माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम | | 70% |
| 5. | हिन्दी टंकण करने वाले कर्मचारी एवं आशुलिपिक की भर्ती | | 80% |
| 6. | हिन्दी में डिक्टेशन/की बोर्ड पर सीधे टंकण | | 65% |
| 7. | हिन्दी प्रशिक्षण (भाषा, टंकण, आशुलिपि) | | 100% |
| 8. | द्विभाषी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना | | 100% |
| 9. | जर्नल और मानक संदर्भ पुस्तकों को छोड़कर पुस्तकालय के कुल अनुदान में से डिजिटल वस्तुओं अर्थात हिंदी ई-पुस्तक, सीडी/डीवीडी, पेन ड्राइव तथा अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं से हिंदी में अनुवाद पर व्यय की गई राशि सहित हिंदी पुस्तकों की खरीद पर किया गया व्यय | | 50% |
| 10. | कंप्यूटर सहित सभी प्रकार के इलैक्ट्रानिक उपकरणों की द्विभाषी रुप में खरीद | | 100% |
| 11. | वैबसाइट | | 100% (द्विभाषी) |
| 12. | नागरिक चार्टर तथा जन सूचना बोर्डों आदि का प्रदर्शन | | 100% (द्विभाषी) |
| 13. | (i) मंत्रालय/विभागों और कार्यालयों द्वारा अपने मुख्यालय से बाहर स्थित कार्यालयों का | | 25% (न्यूनतम) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | निरीक्षण | | |
| | (ii) मुख्यालय में स्थित अनुभागों का निरीक्षण | | 25% (न्यूनतम) |
| 14. | राजभाषा संबंधी बैठकें<br>(क) नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति | | वर्ष में 02 बैठकें (प्रति छमाही एक बैठक) |
| | (ख)राजभाषा कार्यान्वियन समिति | | वर्ष में 04 बैठकें (प्रति तिमाही बैठक) |
| 15. | कोड,मैनुअल,फार्म,प्रक्रिया साहित्य का हिन्दी अनुवाद | | 100% |
| 16. | मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों के ऐसे अनुभाग जहां संपूर्ण कार्य हिंदी में हो | | 40% |

अध्यक्ष महोदया ने उपस्थित सभी अधिकारियों का आह्वान किया कि वार्षिक कार्यक्रम 2023-24 में उल्लिखित सभी मदों के लिए निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के प्रयास किये जाएं।

**मद संख्या :10** **अध्यक्ष महोदया की अनुमति से अन्य विषय:**

अध्यक्ष महोदया की अनुमति से सदस्य सचिव ने समिति को अवगत करवाया कि रक्षा लेखा महानियंत्रक की वेबसाइट पर अपलोड किए जाने वाले पत्रों का हिंदी संस्करण भी संबंधित अनुभाग द्वारा वेबसाइट पर अपलोड किया जाए।

अंत में अध्यक्ष महोदया को धन्यवाद देने के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न हुई।

[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]

पंकज 5/7/23

(पंकज कुमार)

लेखा अधिकारी (राजभाषा)